हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 15 जून 2024



सीएम सहित केंद्रीय मंत्री आएंगे

## कार्यकर्ताओं का जताएंगे आभार, मनाएंगे नांदगांव में मिली लीड का जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव संसदीय सीट से जीत हासिल करने के बाद आज भाजपा इसका जश्न मनाने वाली है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ ही पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह और नवनिर्वाचित सांसद संतोष पांडे इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। शहर के एक निजी होटल में इसका आयोजन किया गया है।




भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी की राजनांदगांव लोकसभा में ऐतिहासिक जीत पर पूरे संसदीय क्षेत्र पर आभार प्रदर्शन का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को मिली प्रचंड लीड से पार्टी कार्यकर्ताओं व नागरिकों में आपार उत्साह है। इसे ध्यान में रखकर जिला भाजपा ने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व नागरिकों के आभार व्यक्त करने के कार्यक्रम को मेगा-शो में तब्दील कर दिया है। जिसमें प्रदेश भाजपा के आधा दर्जन से ज्यादा दिग्गज नेता व मुख्यमंत्री सहित मंत्रीगण उपस्थित हो रहे हैं। कार्यक्रम शाम छह बजे रेवाडीह स्थित राज इंपीरियल होटल में आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केन्द्रीय शहरी और आवास राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव, प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय, राजेश मूणत, भूपेन्द्र सवन्नी, नारायण चंदेल व क्षेत्रीय संतोष पांडे सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में पार्टी के मतदान केन्द्र स्तरीय कार्यकर्ताओं से लेकर जनप्रतिनिधि, शहर के पत्रकारों व अन्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जिला भाजपा कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ मैदान में उतर चुके हैं।

### मिली थी 57 हजार की लीड

*राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक लीड भाजपा को राजनांदगांव विस में मिली है। यहां से भाजपा करीबन 57 हजार मतों से कांग्रेस के आगे रही। इस विस से मिली प्रचंड लीड भाजपा की जीत का बड़ा कारण है। यही वजह है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता आज राजनांदगांव विस के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने के लिए कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं।*

# पुलिस कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन, छावनी में तब्दील रहा मानपुर

## प्रदर्शनकारियों से ज्यादा पुलिस बल, जिले के स्थानीय समाज प्रमुखों ने कार्यक्रम का किया बायकाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

हमर राज पार्टी प्रमुख अरविंद नेताम ने मानपुर के स्थानीय मुद्दों को लेकर आज प्रदेशव्यापी जेल भरो आंदोलन मानपुर में आयोजित किया। जिसमें स्थानीय आदिवासी समाज के प्रमुख दो भागों में बंटा दिखाई दिए। यहां एक तरफ मोहला और पानाबरस आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम का विरोध करते हुए बायकॉट किया। वहीं मानपुर के सर्व आदिवासी समाज के एक वर्ग ने इसका समर्थन किया। फलस्वरूप आयोजन में अपेक्षाकृत भीड़ इकट्ठा नहीं हो पाई। प्रदर्शन में नगर पहुंचे प्रदर्शनकारियों से अधिक संख्या में पुलिस बल और अधिकारी तैनात रहे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रमुख पदाधिकारी अरविंद नेताम, बीएस रावटे, विनोद नागवंशी की उपस्थिति में आज विभिन्न मांगों और आरोपो को लेकर मानपुर नगर में जेल भरो आंदोलन का आगाज किया गया था। आंदोलन को लेकर मानपुर नगर सहित जिले को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। इस जिले में धार्मिक उत्पाद फैलाने वाले तथाकथित आदिवासी नेता, नक्सली मामलों में जेल में बंद आरोपियों के हित में सभा स्थल पर हुंकार भरा गया। इसके साथ ही लाल आतंक से लड़ रहे जिले में स्थापित थानों के खिलाफ माहौल बनाया गया। सभा को संबोधित करने वाले नेताओं का वक्तव्य था कि इस जिले में आदिवासी समाज लगातार प्रताड़ित हो रहा है। कार्यक्रम मूलतः पुलिस प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोल रहा अंबागढ़ चौकी मोहला मानपुर जिले के स्थानीय आदिवासी समाज के पदाधिकारी ने इस कार्यक्रम का बायकॉट करते प्रदेशव्यापी जेल भरो आंदोलन का विरोध किया। जिसके चलते बेहद भीड़ जुटने का अनुमान सिमटा रहा।





### गिरफ्तारी को लेकर किया विरोध दर्ज

कुछ दिन पूर्व नक्सली संबंधों के साथ लगातार धार्मिक उत्पाद फैलाने के मामले में तथाकथित आदिवासी नेता सुरजू टेकाम और देवी मां की प्रतिमा सरखेड़ा में जलाने के धार्मिक भावना आहत करने के मामले में सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी वाल्को बघुओ के खिलाफ शिकायत और गिरफ्तारी हुई थी। जिसका भी विरोध आज प्रदर्शन में दर्ज किया गया।

### चुस्त दुरूस्त व्यवस्था

सर्व आदिवासी समाज के मानपुर में आयोजित सभा रैली के साथ-साथ जेल भरो आंदोलन के हुंकार को देखते हुए कलेक्टर एस. जयवर्धन, पुलिस कप्तान यशपाल सिंह, आईएएस अधिकारी एडिशनल एसपी मयंक गुर्जर सहित समस्त थानेदार और चौकी प्रभारी भी बेहद सकारात्मक तौर पर कदम उठाते हुए शांति व्यवस्था के लिए दो दिनों से दिन-रात से जुटे रहे।









## खबर संक्षेप



### शिविर में बनाया श्रम कार्ड

**रामाटोला।** श्रम विभाग ने ग्राम पंचायत मोतीपुर में ग्रामीणों की सुविधा के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। शिविर में नया श्रम कार्ड बनाने के साथ नवीनीकरण किया गया। श्रम विभाग की सम्प्रदा चौहान ने बताया कि सुबह से ही ग्रामीण श्रम कार्ड बनाने पहुंचने लगे थे। इस मौके पर पंचायत सचिव लोचन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सांसद ने लोगों का जताया आभार



**डोंगरगढ़।** लोकसभा चुनाव में जीत के बाद सांसद संतोष पांडे ने यहां पहुंचकर मां बमलेश्वरी और प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना किया। महावीर मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शामिल होने के बाद उन्होंने शहर भ्रमण कर लोगों का आभार जताया। रास्ते पर स्थित मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा में जाकर आशिर्वाद लिया। सांसद पांडे का जगह-जगह आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, भरत वर्मा, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रदीप बाघ, अमित जैन, संतुराव अन्ना, सुनील जैन चीकु, शशिकांत द्विवेदी, प्रकाश यादव, हनि गुप्ता, बिसनाथ यादव, तुलसी मिश्रा, प्रकाश बिंदल, प्रिंस कक्कड़, परविंदर सिंग मोंटी, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. पन्नालाल बाफना, मधुसूदन अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, रविन्द्र अग्रवाल, पप्पू नामदेव, जसमित सिंह, सुमित मिश्रा, ज्योति बडवाइक, अनिल पांडे, शुभम परिहार, प्रीतपाल सिंह, गीता मानिकपुरी, ललित शर्मा, शिवा यादव, मुकुंद कंडरा, अमन बंसोड, गिरिश साहू, जैन कुमार मेश्राम, छबिल साहू, डिम्पी महापात्र, रामसाय डडसेना, बसंत यादव, श्यामु नरेडी, मयंक डोंगरे, नागेश कंडरा, विजय भगत, तरूण हथेल, विरेन्द्र सोनी, जय देवांगन, अशोक साहू, विनय बसंल, मनीष चक्रवर्ती, अजय शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### 17 से योग शिविर

**राजनांदगांव।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा पांडेय के मार्गदर्शन से शासकीय आयुष योगा वेलनेस सेंटर दीनदयाल नगर चिखली में पांच दिवसीय योग शिविर 17 से 21 जून तक योग चिकित्सक डॉ. भारती यादव द्वारा कराया जाएगा। जिसमें कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग सिखाया जाएगा। साथ ही रोगानुसार जैसे की उच्च रक्तचाप, मधुमेह, बात, पीसीओडी, मोटापा, मानसिक रोगों के लिए योग सिखाए जाएंगे। इस योग शिविर में विभिन्न स्पर्धाओं का भी आयोजन किया जाएगा।

---

### आभार जताने कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे पूर्व सीएम

# चुनाव में हार से न हो निराश, भविष्य की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : बघेल

## चुनाव में मेहनत पर थपथपाया सबकी पीठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सांस्कृतिक भवन में कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओ का आभार जताते हुए कहा कि चुनाव आते-जाते रहते है। हार के कारण निराश होने की जरूरत नहीं हैं। आने वाले समय में हार के कारणो से सबक खामियों को सुधारना होगा। उन्होंने कहा कि वह हार की समीक्षा करने नहीं बल्कि धन्यवाद देने आए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में कार्यकर्ताओं ने काफी मेहनत किया इस लिए उनके बीच जाना जरूरी है। कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश का माहौल तीसरे चरण के बाद बदलना शुरू हुआ और कांग्रेस गठबंधन सबसे मजबूत विपक्ष के रूप में खड़ा हुआ। भाजपा नीत एनडीए बैसाखी के सहारे चल रही है जिसे देखते हुए राजनीतिक प्रेक्षक कह रहे हैं कि आने वाले समय में एनडीए सरकार गिर जाएगी और फिर चुनाव की स्थिति बन जाएगी।



### जनहित के मुद्दे उठाते रहेंगे

कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि चुनाव के दरमियान पहले रुझान पक्ष में आ रहा था, लेकिन परिणाम में हम पिछड़ गए। विधानसभा में सभी कार्यकर्ताओ ने कड़ी मेहनत की है जिसके चलते इस लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी वोट प्रतिशत अच्छा रहा है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान उन्होने 23 हजार किमी का सफर कर एक हजार कार्यक्रम किया। वह जहॉं गए वहां लोगों का समर्थन अच्छा मिला। बेबाकी के साथ हम जनहित के मुद्दों को उठाने की अपील करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने जीत का बहुतेरा प्रयास किया। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की है। शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा वोट मिले है। जनता तक हमने हर बात पहुंचने की कोशिश की है लेकिन परिणाम को नहीं बदल पाए जिसकी समीक्षा आवश्यक है।

### नेताओं की रही उपस्थिति

इस दौरान पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, नवाज खान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, सुनीलकांत पांडे, नीलेंद्र शर्मा, गुलाब चोपड़ा, दशमत जंघेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, छुईखदान कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी, नदीम मेमन, महिला अध्यक्ष आरती महोबिया, किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल, नपा उपाध्यक्ष रज्जाक खान, दीपक देवांगन, सुमित टांडिया, दिलीप लहरे, दयाराम पटेल, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, रविंद्र सिंह गुड्डा, भरत चंद्राकर, लीलाधर वर्मा, यतेंद्रजीत सिंह, देवकांत यदु, रिंकू महोबिया, पलाश सिंह, राजा सोलंकी, रतन सिंघी सहित अन्य मौजूद थे।

---

# सरकारी जमीन से मुरूम का खनन



रिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

ग्राम पंचायत रुआतला में सरकारी जमीन से मुरुम का खनन कर मनरेगा के तहत निर्माणाधीन सड़क में उपयोग करने की शिकायत मिली है। शिकायत के बाद भी पंचायत प्रतिनिधियों को धोखे में रखकर प्रस्ताव पारित कर दिया है। जानकारी के अनुसार उप सरपंच रामसिंह वर्मा, योगेश वर्मा, रोमन वर्मा, मुकेश वर्मा, सावित्रीबाई साहू ने सरपंच और सचिव से उक्ताशय की शिकायत की है। उनका कहना है कि सड़क के निर्माण में मुरुम मंगवा कर उपयोग करना था किन्तु यहां सरकारी जमीन से मुरुम निकाला जा रहा है।

- मनरेगा में कर रहे उपयोग

रुवातला में सरकारी नाली पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया है जिससे आने वाले दिनों पानी निकासी की समस्या खड़ी हो सकती है। उपसरपंच वर्मा सहित पंचों ने बताया कि सरकारी नाली पर अवैध निर्माण की शिकायत किया था जिसे अनदेखा कर दिया गया। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार से भी शिकायत किया किन्तु कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### उपेक्षा का आरोप

उपसरपंच सहित पंचों का आरोप है कि उनके वार्डो में लगभग चार वर्षों में कोई काम नहीं किया गया। नाली तक नहीं बनाया गया है। उनका कहना है कि वह गलत का विरोध करते है इसलिए उनके वार्डो में काम नहीं किया जाता। सरपंच श्रीमती गणेशी वर्मा का कहना है कि उप सरपंच सहित कुछ पंचों ने जो आरोप लगाए हैं वह निराधार है। सरकारी जमीन से मुरुम का खनन ग्रामीणों से चर्चा कर पंचनामा बनाकर किया जा रहा है। सड़क पर मुरूम डालने का प्रस्ताव भी किया गया है।

---

# भारी वाहनों की आवाजाही से व्यवस्था बिगड़ी

## शहरी क्षेत्र में आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, सड़क चौड़ीकरण की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को जोड़ने वाला खैरागढ़- बोरतलाव मार्ग इन दिनों बेहद खतरनाक हो गया है। यातायात के दबाव को देखते हुए पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल में मार्ग का चौड़ीकरण किया गया था। वर्तमान में इस मार्ग से दिन भर वाहनों की आवाजाही होती है।

अछोली स्थित अस्पताल से थाना चौक तक यातायात का दबाव होने के कारण यह क्षेत्र डेंजर जोन बन गया। इस मार्ग पर अक्सर दुर्घटनाएं होते रहती है। दुर्घटनाओं में कई की मौत हो गई है तो गंभीर रूप से घायल हुए है। लगातार घटनाएं होने के बाद भी प्रशासन यातायात के दबाव को कम करने असमर्थ नजर आ रहा है।




### सड़क किनारे सरकारी दफ्तर

अस्पताल से जनपद पंचायत, फूड फेक्टरी , अधिवक्ता महेन्द्र परिहार के घर तक लोगों एवं वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। इस मार्ग पर न्यायालय, एसडीएम कार्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय, जनपद पंचायत, लोक निर्माण विभाग, थाना, एसडीओपी कार्यालय, सिंचाई विभाग, मंडी, सोसायटी, वन विभाग, पशु चिकित्सालय सहित बस स्टेण्ड होने से वाहनों का दबाव अधिक रहता है। इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही भी बढ़ गई है।

### लोगों में नाराजगी

जनपद पंचायत मोड के समीप एक वाहन ने अनियंत्रित होकर मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे 5 साल की बच्ची की मौके पर मौत हो गई थी। घटना पर नाराजगी जताते हुए लोगों ने चक्काजाम भी किया था। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत तो करा दिया और कुछ दिनों तक वाहनों का दबाव कम करने स्टापर लगाये किन्तु वर्तमान में यातायात व्यवस्था पुरानी स्थिति में पहुंच गई।

---

# बैठक में शांति बनाए रखने की अपील

## 17 को निकलेगी शोभायात्रा, बकरीद पर्व भी है इसी दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



शहर में आगामी 17 जून को निकलने वाली शोभायात्रा एवं बकरीद पर्व को लेकर थाना परिसर में में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया।. बैठक में नागरिक आदि शामिल हुए। ज्ञात हो कि आगामी 17 जून को सुबह 8 से 9 बजे के बीच प्राचीन देऊर मंदिर से शिवमहापुराण कथा आरंभ होने के पहले कलश यात्रा निकाला जाना प्रस्तावित है। यह शोभायात्रा कथा स्थल गोंडवाना मैदान तक जाएगी। कलश यात्रा में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओ के शामिल होने का अनुमान है। वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज का बकरीद पर्व भी 17 जून को है। मुस्लिम समाज सुबह 8 बजे तक नमाज अदा करता है। दोनों कार्यक्रम में किसी प्रकार की अड़चन न हो इस लिए शांति समिति की बैठक आहूत किया गया। बैठक में बकरीद को लेकर समाज के लोगो ने कहा कि सुबह 9 बजे शोभायात्रा निकाली जानी है अतः 8 बजे तक नमाज अदा कर लिया जाएगा। बैठक में एसडीएम रेणुका रात्रे एवं थाना प्रभारी भीमसेन यादव ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए बताया कि अशांति फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बैठक में सीएमओ गिरीश साहू, नपं अध्यक्ष चेतन देवांगन, उपाध्यक्ष जाबिद खान, जीवन दास रात्रे, अय्यूब कुरैशी, पार्षद सूरज नामदेव, लियाक़त अली, फिरोज मेमन, असलम मेमन,शिवमहापुराण समिति के गोल्डी अग्रवाल, ऋषभ ठाकुर, अनिल जैन सहित अन्य शामिल हुए।

---

# जुलाई से कोषालयों में पेपरलेस सिस्टम

## ऑनलाईन बनेगा वेतन देयक, काम में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासन के आदेशानुसार कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जुलाई 24 से सभी आहरण और संवितरण अधिकारियों को स्वतंत्र डीडीओ को छोडक़र जिले के कोषालयों में देयकों का प्रस्तुतिकरण केवल ऑनलाइन माध्यम से करने का निर्देश जारी किया है। इस नई प्रक्रिया तहत कोषालयों द्वारा महालेखाकार को मासिक लेखा भी ई-लेखा के रूप में भेजा जाएगा। व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों के पास उच्च गति का नेटवर्क, समुचित क्षमता वाला स्कैनर सहित अन्य आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक सामग्री और वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है।

जुलाई 24 से शुरू होने वाले इस पेपरलेस प्रक्रिया में आहरण और संवितरण अधिकारी ई कोष सॉफ्टवेयर का उपयोग करेंगे और देयकों को ऑनलाइन माध्यम से तैयार कर डीएससी के जरिए कोषालय को अग्रेषित करेंगे। ई पैरोल मॉड्यूल में सभी स्केड्यूल्स और बिलों के लिए डीएससी की आवश्यकता होगी जबकि अन्य देयकों के लिए केवल देयक में एक डीएससी और संलग्नक स्कैन कर अपलोड किए जाएंगे। यदि फाइल का आकार 5 एमबी से अधिक हो, तो उसे कम्प्रेस करना अनिवार्य होगा। सभी संलग्नक पीडीएफ फॉर्मेट में ही अपलोड किए जाएंगे। देयकों की तैयारी में मेकर बिल क्लर्क और चेकर डीडीओ स्तर पर प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। कोषालय अधिकारी द्वारा संबंधित डीडीओ के लिए ऑनलाइन बीटीआर नंबर जारी किया जाएगा, जिसके आधार पर देयक अग्रेषित किए जाएंगे। सभी डीडीओ अपने ऑनलाइन देयकों की एक हार्ड कॉपी कार्यालय स्तर पर संधारित करेंगे।

---

# शासकीय कार्यों को तत्परता से पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यों में कसावट लाने का निर्देश दिया वही सभी विभाग प्रमुखो को आम जनता के हित में शासकीय कार्यों का संपादन पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ करने कहा।

- कलेक्टर ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने शिक्षा, खाद्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत, सिंचाई, कृषि, लोक निर्माण विभाग, राजस्व, सहकारिता सहित अन्य सभी विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा कर जानकारी ली।

विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उनका निराकरण जल्द सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा करते हुए तीनो सीएमओ को जिले के सभी नगरीय निकायों में समुचित साफ-सफाई के अलावा बुनियादी व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने कहा ताकि बारिश में नदी नालों में कही भी बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित ना हो। गंडई में आयोजित होने वाले शिव महापुराण कथा के संबंध मेंएसडीएम और पुलिस प्रशासन से चर्चा कर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

खाद्य विभाग के जिला अधिकारी को राशन वितरण में जिले में कही से शिकायत नहीं मिलने की नसीहत देते हुए राशन वितरण की जानकारी हर महीने के पहले समय सीमा की बैठक में अवगत कराने कहा। इसके अलावा कलेक्टर श्री वर्मा ने जिला कार्यालय में प्राप्त होने वाले सभी ज्ञापन संबंधी प्रकरणों को प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाली टीएल बैठक के एजेंडा में शामिल करने का निर्देश दिया।

### समय पर करें वेतन भुगतान

कृषि विभाग से जिले में खाद बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेकर कलेक्टर श्री वर्मा ने शिक्षा विभाग को नए शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने पूर्व बच्चो के लिए समुचित व्यवस्था तैयार रखने कहा। डीईओ लालजी द्विवेदी ने बताया नए सत्र की संपूर्ण तैयारियॉं पूरी होने की जानकारी दी। पशु चिकित्सा विभाग के प्रभारी अधिकारी से पशु तस्करी व मवेशी बाजार के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिया। जिले में अवैध शराब ब्रिकी के संबंध में जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब ब्रिकी पर विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों में दैनिक वेतनभोगी चतुर्थ वर्ग कर्मचारी है उन्हे वेतन संबंधी कोई समस्या हो तो उनका नियमानुसार निराकरण करें। जिले में आचार संहिता लागू होने के कारण रूके हुए लंबित निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने कहा। इस दौरान डीएफओ आलोक शर्मा, अपर कलेक्टर प्रेम पटेल, एसडीएम टंकेश्वर साहू, एसडीएम रेणुका रात्रे, कार्यपालन अभियंता लोनिवि ललित वाल्टर तिर्की, कार्यपालन अभियंता बिजली छगन शर्मा, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, प्रभारी उप संचालक उद्यान रविन्द्र कुमार मेहरा, सीएमएचओ गणेश दास वैष्णव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

# बाल श्रम निषेध पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सुषमा सावंत के निर्देशानुसार सचिव हेमंत कुमार रात्रे ने कुम्ही व कोयलीकछार में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मनरेगा कार्य स्थल पर मजदूरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एडीजे चन्द्र कुमार कश्यप ने बाल श्रम के बारे बताया। उन्होने बताया कि बाल श्रम गैर कानूनी है। जो बच्चे 14 साल से कम के होते हैं, उनसे उनका बचपन, खेल-कूद, शिक्षा का अधिकार छीनकर उन्हें काम में लगाकर शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित करना ही बाल श्रम है।



### खेलकूद बच्चों का अधिकार

व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी गुरु प्रसाद देवांगन ने कहा कि बाल मजदूरी का सबसे बड़ा कारण गरीबी और अशिक्षा है। गरीब अपनी आजीविका चलाने में असमर्थ होते हैं, इसलिए बच्चों को मजदूरी करने भेजते है। जिन बच्चों को बाल मजदूरी के काम में लगा दिया जाता है वह कभी खेल नहीं पाते हैं और न मनचाहा काम कर पाते है। उनका पूरा बचपन मजदूरी करने में बीत जाता है। पीएलवी गोलूदास साहू ने बताया कि बाल श्रम अधिनियम 1986 अंतर्गत अगर कोई व्यक्ति 14 साल से कम आयु के बच्चे से काम कराता है, तो उसे 2 साल की सजा और 50 हजार का जुर्माना हो सकता है। इस दौरान सरपंच विशाखा साहू, टिमन साहू सहित मजदूर उपस्थित थे।

---

## प्रकाश यादव बने शिक्षा बोर्ड के सदस्य



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का सदस्य बनाया गया है। श्री यादव विगत 38 वर्षों से सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यरत है।

वह 24 वर्षों से प्राचार्य हैं। वह सरस्वती शिक्षा संस्थान के प्रांतीय परीक्षा समिति के सदस्य भी हैं। श्री यादव पूर्व में भी बोर्ड के सदस्य रह चुके हैं।उन्हे सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, मीना गिरधर, नीलम चोपड़ा, सुशील जैन, प्रकाश गिरधर, प्रभाकर राव गिरधर, नारायण लाल अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेश सोनी, राजेंद्र जैन, महेंद्र अग्रवाल, गोपाल खेमूका, जागेश्वर निषाद, सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमास्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डिगेश साहू, गणेश वर्मा, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी, रितु साहू, कौशल्या वर्मा, प्रीतिबाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति मार्वे, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, योगेश्वरी निषाद ,योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, कृष्ण निर्मलकर, निलेश निषाद, अश्विनी निर्मलकर, छवि साहू ने बधाई दी है।

## ममता समाज सेवक संघ की बनी अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** समाज सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. स्वाति देवांगन ने संघ के राष्ट्रीय संयोजक संजीव सिंघल की अनुशंसा पर रोहतक (हरियाणा) की ममता हुड्डा को समाज सेवक संघ का छग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया, वे खैरागढ़ निवासी हैं। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नैमिन देशमुख को उन्होंने राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तरप्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। उक्त नियुक्तियों पर अंकित गर्ग, लोकेन्द्र वर्मा, यमला साहू, भीमा साहू, निशि ध्रुव, सरस्वती वर्मा, अमित पटेल, तामेश्वर पटेल, ओमकार कंवर, हेमलता ठाकुर, शिवानंद महोबिया आदि ने बधाई दी।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार इस बार भी जिला मुख्यालय कवर्धा सहित प्रदेश भर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले में इसकी रूप रेखा तैयार की जा रही है। वहीं राज्य स्तरीय योगाभ्यास रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किया जाएग। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर, जनसामान्य शामिल होंगे। स्कूल, कॉलेज, विवि के विद्यार्थियों, जन सामान्य की सहभागिता तय की जाएगी। कबीरधाम जिले में भी इस दिन कार्यक्रम होगा।

### विधायक के जन्मदिन पर महाआरती आज

**अंडा।** दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव का 15 जून को जन्मदिन है इस दिन शहर में विविध कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। भाजपा के लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि 15 जून को दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव का जन्मदिन मनाया जाएगा जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण, रक्तदान, वृद्ध आश्रम में फल वितरण एवं अन्य कार्यकम आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में पुलगांव के प्राचीन राम जानकी मंदिर में महा आरती प्रसादी वितरण कर अपने शहर विधायक गजेंद्र यादव के स्वास्थ्य लाभ की मंगल कामना करेंगे।

### हत्या का प्रयास, पांच साल की सजा

**भिलाई।** दुर्ग कोर्ट ने हत्या का प्रयास मामले में आरोपी को पांच साल सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले के मुताबिक आरोपी शरद जुत्शी की बहन राधिका जुत्शी के साथ प्रार्थी लखविंदर सिंह ने प्रेम विवाह किया था। इससे आरोपी शरद खफा था। उसने चेतावनी दी थी कि वह उसके सामने नहीं आएगा नहीं तो कुछ भी कर दूंगा। 20 नवंबर 2022 को लखविंदर सिंह हाउसिंग बोर्ड मकान नंबर 7,ब्लॉक नंबर 19 स्थित मंजीत सिंह के घर के पास मिला। आरोपी शरद ने लखविंदर सिंह के कनपटी में कट्टा टिका दिसा और गोली भी चला दी। लखविंदर ने ऐन समय में आरोपी का हाथ ऊपर कर दिया जिससे वह बच गया। जामुल पुलिस ने आरोपी शरद के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया था। कोर्ट ने आरोपी शरद को धारा 25 क 1 क के तहत 5 साल सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## अनदेखी: कवर्धा जिले में अभी भी जारी है पॉवर कट तथा लो-वोल्टेज की समस्या

# कलेक्टर की बैठक और दिशा निर्देशों का कोई असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र के उपभोक्ताओं से लगातार मिल रही खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था के साथ अघोषित विद्युत कटौती, लो वोल्टेज, विद्युत फाल्ट आदि की शिकवा शिकायतों के बाद कलेक्टर ने हाल ही में विद्युत विभाग के तमाम आला अधिकारियों की क्लास लेकर उन्हें कई घंटों तक उपभोक्ताओं को निर्बाध तथा सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति कि किए जाने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण किए जाने का पाठ पढ़ाया था। लेकिन ऐसा लगता है कि विभाग के अधिकारियों ने कलेक्टर की पाठशाला में पढ़ाए गए पाठ को एक कान से सुनने के बाद दूसरे कान से निकाल दिया है। तभी तो कलेक्टर द्वारा विद्युत व्यवस्था सुधार की दिशा में दिए गए तमाम दिशा निर्देशों के बावजूद अभी तक कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है और अभी भी जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर जिले के ग्रामीण और वनांचल के उपभोक्ता खस्ताहाल तथा चरमराई विद्युत व्यवस्था की मार झेल रहे हैं। हद तो यह है कि जिला मुख्यालय कवर्धा तक में कलेक्टर के निर्देशों का असर देखने को नहीं मिल रहा है और नगर में समय बेसमय पॉवर कट, लो वोल्टेज की समस्या जस की तस बनी हुई है। नगर के वार्ड क्रमांक 6 महामाया वार्ड के बासिंदों की माने तो यहां बीते करीब हप्तेभर से नियमित रूप से विद्युत कटौती की जा रही है। हालांकि शुक्रवार को यह कटौती नहीं हुई लेकिन इसके पूर्व हप्ते भर से प्रतिदिन सुबह करीब 10.45 से करीब एक घंटे के लिए और रात में करीब 10.45 से एक घंटे के लिए नियमिति रूप से विद्युत आपूर्ति ठप रहती है। इस नियमित कटौती के अलावा दिन कई बार पॉवर कट हो रहा है सो अलग। जिससे लोगों को इन दिनो पड़ रही भीषण गर्मी और उमस में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विभाग के इस रवैये को देखते हुए विद्युत विभाग के प्रति भारी असंतोष व आक्रोश भी पनप रहा है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही नियमित कटौती बंदकर व्यवस्था सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। समझा जा सकता है कि जब जिला मुख्यालय कवर्धा में कलेक्टर की बैठक के बाद ये स्थिति है तो जिले के ग्रामीणऔर वनांचलों को क्या हाल होगा?

### जारी हैल्प लाईन नम्बर नहीं उठाता कोई



उपभोक्ताओं की यह भी शिकायत है कि कलेक्टर की बैठक के बाद विभाग ने उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए हैल्प लाईन नम्बर जारी किया था लेकिन हकीकत ये है कि इस नम्बर कोई डॉयल करने पर कोई उठाता ही नहीं है। जिससे साफ जाहिर है कि विद्युत विभाग न तो कलेक्टर के की बैठक को लेकर गंभीर है और न ही उसे कलेक्टर द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों और उपभोक्ताओं की समस्याओं से कोई सरोकार है।

# राह चलती नाबालिग युवती से बलात्कार करने वाले आरोपी को 13 साल की सजा



- न्यायालय विशेष न्यायाधीश ने दोष सिद्ध होने पर सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राह चलती नाबालिग युवति को मौका देखकर बलपूर्वक पहले जंगल में ले जाकर फिर अपने घर में बंधक बनाकर दो दिनो तक दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को न्यायालय विशेष न्यायाधीश (लैंगिक आपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012) जिला कबीरधाम के नोड़ल अधिकारी उदय लक्ष्मी सिंह परमार द्वारा दोष सिद्ध पाए जाने पर अलग-अलग धाराओं में कुल 13 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है साथ ही आरोपी को अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम चोरभट्ठी में आरोपी श्याम लाल उर्फ छोटू धुर्वे पिता वीरन सिंह आयु 27 वर्ष निवासी ग्राम चोरभट्ठी ने 6 नवम्बर 2023 को दोपहर करीब 3.00 बजे राह चलती एक नाबालिग युवति को मौका पाकर बलपूर्वकर पहले पास के जंगल में लेकर जाकर फिर अपने घर में बंधक बनाकर दो दिनो तक बलात्कार किया था। जिसके बाद पीड़िता ने किसी तरह आरोपी के कब्जे से छूट कर घटना की जानकारी अपने परिजनो को दी थी और परिजनो के साथ बोड़ला थाना पहुंचकर आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कराया था। जिस पर बोड़ला पुलिस ने आरोपी श्याम लाला उर्फ छोटू धुर्वे के खिलाफ धारा 376 (3), 376(2)(ढ), 342, 506, भाग दो भारतीय दण्ड संहिता 1860 एवं धारा 06 (लैंगिक आपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था तथा पुख्ता साक्ष्य जुटाने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर मामला न्यायालय में पेश किया था। जिस पर लंबी सुनवाई के बाद अब न्यायालय ने दोष सिद्ध पाए जाने पर आरोपी को अलग-अलग धाराओं में कुल 13 साल सश्रम कारावास तथा अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# पूर्व मंत्री अकबर को नहीं मालूम कानून: पोखराज

- 24 अनाथ बच्चों पर जारी बयान की कड़े शब्दों में निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम सेमरहा गांव के 19 ग्रामीणों की सड़क हादसे में मौत के बाद अनाथ हुए उनके 24 बच्चों को सामाज सेवी संस्था भावना सेवा संस्थान द्वारा भरण पोषण एवं शैक्षणिक कार्य के लिए गोद लेकर समाज सेवा करने की घोषणा पर जिस ढंग से हाल ही में प्रदेश के पूर्व मंत्री मो. अकबर का बयान सामने आया है उस पर अब भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कवर्धा पोखराज सिंह परिहार ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस मामले में पूर्व मंत्री मो. अकबर द्वारा राजनीति की जा रही है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। श्री परिहार ने कहा कि मो. अकबर ने बयान जारी कर हिन्दु दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम 1956 के विभिन्न धाराओं का उल्लेख कर व्यंग्यात्मक रूप से कथन किया है कि 24 अप्राप्तवयों का पंडरिया विधायक की सम्पूर्ण सम्पत्ती पर बराबर-बराबर का हक अधिकार होगा। उन्होने कहा कि मो. अकबर हिन्दु विधि एवं हिन्दु दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम को पढने के बजाय हलाल कानून के बारे में पढ़े और बताएं कि साधराम यादव की किस प्रकार हलाल कर गला रेतकर हत्या की गयी थी, साधराम यादव की हत्या में कौन सी मानसिकता कार्य कर रही थी। मो. अकबर ने साधराम हत्या के बारे में न कभी कोई संवेदना प्रकट की है और न ही कोई विज्ञप्ति जारी की है। मो. अकबर को शायद यह नहीं मालुम है कि हिन्दु दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम की धारा 02 में प्रावधान किया गया है कि उक्त अधिनियम ऐसे व्यक्ति पर लागु होगे जो हिन्दु धर्म के किसी भी रूप या विकास के अनुसार, जिसके अंतर्गत वीरशैव, लिंगायत अथवा ब्रम्हा समाज, प्रार्थना समाज या आर्य-समाज के अनुयायी भी आते है, धर्मतः हिन्दु हो। ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो धर्मतः बौद्ध, जैन या सिक्ख हों। ऐसे किसी भी अन्य व्यक्ति को जो धर्मतः मुस्लिम, किश्चियन, पारसी या यहूदी न हो, जब तक कि यह साबित न कर दिया जाए कि यदि यह अधिनिमय पारित न किया गया हो तो कोई भी ऐसा व्यक्ति एतस्मिन उपबन्धित किसी भी बात के बारे में हिन्दु विधि या उस विधि के भग रूप किसी रूढ़ी या प्रथा द्वारा शासित न होता हो। श्री परिहार ने कहा कि यह सर्व विदित है कि गोंड़, बैगा जातियों पर हिन्दु विधि लागु न होकर उनकी रूढ़ी और प्रथा लागु होती है और यह दुर्घटना के फलस्वरूप अनाथ हुए सभी 24 अप्राप्तवय आदिवासी गोंड़, बैगा समुदाय के हैं, जिन पर हिन्दु दत्तक ग्रहण अधिनिमय एवं भरण पोषण अधिनियम लागु नही होता बल्कि उनकी रूढ़ी और प्रथा प्रचलित है। दत्तक ग्रहण के लिए अनुष्ठान, आज्ञापित किया जाना भी आवश्यक होता है। भावना समाज सेवी संस्था ने 24 अनाथ बच्चों को आश्रय दिया है, जिसकी सराहना की जानी चाहिए न कि आलोचना। मो. अकबर ने इस दुर्घटना में अनाथ हुए बच्चों के प्रति संवेदना प्रकट न कर उनका मजाक उड़ा रहे है, जो उनकी दुषित मानसिकता को प्रकट करता है।

## आगमन...



**कवर्धा।** कवर्धा विहार के दौरान नगर के अभ्युदय स्कूल पहुंचे महेंद्र सागर म.स. ने स्कूली बच्चों को संबोधित किया और शिक्षक एवं विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

# दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



- ग्रामीणों को दी गई कृषि वानिकी संबंधी आवश्यक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दो दिवसीय वृत्त स्तरीय कृषि वानिकी कृषक भूमि पर लघु वनोपज, औषधीय प्रजाति रोपण हेतु प्रशिक्षण सह कार्यशाला, जिला यूनियन कवर्धा के कुकदूर में आयोजित किया गया।

गत गुरूवार को आयोजित इस प्रशिक्षण में कार्यक्रम में सर्व प्रथम, समस्त प्रशिक्षार्थीयों को क्षेत्र भ्रमण/ सर्वे संबंधित कार्य कराने के लिए टीम का गठन कर ग्राम भैसाडबरा, ताई तीरनी व कामठी भेजा गया। सर्वेक्षण दलों को पौध रोपण सर्वे संबंधी प्रपत्रों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। फील्ड कार्य में वन धन मित्रों, प्रबंधकों, कृषकों द्वारा ग्रामीणों से बैठक लेकर और घर-घर जा कर योजना की जानकारी दी गई और मांग अनुसार प्रपत्र में कृषक वार जानकारी रिकार्ड की गई।

अंत में सर्वे दलों की समीक्षा की गई। कार्यशाला में उप प्रबंधक दुर्ग वृत्त, उप प्रबंध संचालक खैरागढ़, उप प्रबंध संचालक, कवर्धा और वन धन मित्र, प्रबंधक, कृषक, और उप वनक्षेत्रपाल सहित कुल 62 प्रतिभागी उपस्थित थे।

# जिले में एक ऐसा भी विद्यालय जहां बच्चे केवल एक कॉपी व पेन लेकर आते हैं स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



वर्तमान समय में पढ़ाई के लिए स्कूल जाने वाले बच्चों के पीठ पर पुस्तक-कापियों से भरा हुआ बड़ा सा बैग आसानी से देखा जा सकता है, वहीं जिले में एक ऐसा भी स्कूल है, जिसमें विद्यार्थी को केवल एक कॉपी व पेन ही लेकर स्कूल जाना होता है। हम बात कर रहे हैं जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा का जहां बच्चों को बस्ते के बोझ से मुक्त कर दिया गया है। विद्यार्थी को अपने बैग में केवल एक कॉपी व पेन ही लाना होता है, सभी विषयों की पुस्तकें स्कूल में ही उपलब्ध रहता है। इस संबंध में संस्था के प्राचार्य व गणित विषय के व्याख्याता डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि हमारे स्कूल के बच्चों को बस्ते के बोझ से मुक्त कर दिया गया है। कक्षा के सभी टेबल में सभी पुस्तकों का सेट रखा रहता है, जिसे बच्चे संबंधित विषय अध्यापन के समय उपयोग करते हैं। स्कूल में यह व्यवस्था शिक्षक दिवस व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती अर्थात पांच सितंबर 2019 से प्रारम्भ किया गया है। विद्यालय के लिए पुस्तक की व्यवस्था उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों से उन्हें निःशुल्क मिले पुस्तकों को वापस लेकर किया जाता है। विद्यार्थियों को निःशुल्क मिलने वाले पुस्तकों को अपने घर में ही रखते हैं। इस प्रकार विद्यार्थियों के लिए घर व स्कूल दोनों जगह अलग-अलग पुस्तक उपलब्ध रहता है। बच्चों को बस्ते की बोझ से मुक्त करने की अनुकरणीय व्यवस्था जिले व प्रदेश के अन्य स्कूलों के लिए अनुकरणीय है।

## परम पूज्य महेंद्र सागर म.स. का अभ्युदय स्कूल में आत्मीय स्वागत

**कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर अध्यात्म योगी महेंद्र सागर मस का गत दिनो विहार के दौरान अभ्युदय स्कूल में आगमन हुआ। जिनका स्वागत ट्रस्टी मेम्बर सुरेश चोपड़ा ,शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सपन चोपड़ा, प्राचार्य मधुसुदन नायर एवं एडमिनिस्ट्रेटर निमिष तिवारी व एडमिन शाखा के सभी उपस्थित स्टाफ़ ने किया। इसके अलावा नगर के प्रतिष्ठित जैन समाज के अध्यक्ष अजय टटिया, रमेश चोपड़ा, अमित बरडिया, संदीप लुनिया, अभय लोढ़ा, मनीष कनुगा सहित जैन समाज के अन्य गणमान्य सदस्यों ने भी गुरुदेव का हृदय तल से स्वागत किया। स्कूल के भ्रमण के दौरान उन्होंने उपस्थित स्टाफ सदस्यों से समय के महत्व को परिभाषित किया एवं समय प्रबंधन से स्वयं का विकास करने के विषय में दिशा निर्देश दिए। गुरुदेव ने बहुत ही सहजता सरलता से सफलता को परिभाषित किया एवं स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार का ज्ञान देने की बात की। उनका मानना है कि विद्यार्थियों को समय प्रबंधन के संदर्भ में जागरूक एवं प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षक एवं विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जो उनके उत्तरोत्तर विकास में एक औषधि का काम करती है। उन्होंने समय के उचित प्रयोग को प्रतिपादित करते हुए बताया कि जीवन मूल्यों के सभी तथ्यों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संबंध मनुष्य के क्रियाकलापों में समय के साथ उसके समुचित उपयोग पर निर्भर करता है कि उक्त विषय के तारतम्य में उनके विचार और मानसिकता का कितना प्रभाव है। गुरुदेव द्वारा दिए गए संदर्भित विषय के ज्ञान से अभ्युदय परिवार भाव विभोर हो गया और वर्तमान परिदृश्य के अनुसार उक्त कथन को प्रासंगिक बताया। अंत में संस्था ने गुरुदेव के द्वारा दिए ज्ञान एवं उनके दुर्लभ उपस्थिति को अभ्युदय परिवार हेतु बहुत ही प्रासंगिक क्षण बताया और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

## शक्कर कारखाना एवं निजी उद्योग एवं ढाबे सहित 4 संस्थानों में दी दबिश

# जिले में बाल श्रम रोकने संयुक्त टीम ने कई स्थानों में किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले में बाल श्रम रोकने एवं श्रमिकों के शोषण रोकने जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा आज सहकारी शक्कर कारखाना राम्हेपुर कवर्धा, निजी प्रिंटिंग एवं पैकेजिग उद्योग, दो ढाबों में औचक निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राहुल कुमार के नेतृत्व में टास्कफोर्स टीम में कुल 10 अधिकारी एवं 4 पीएलव्ही शामिल थे। जिन्होंने शक्कर कारखाना में जाकर वहां की स्थिति का जायजा लिया, जहां मजदूरों की कार्यप्रणाली एवं उनकी सुरक्षा के संबंध में पूछताछ कर रजिस्टर की जांच की गई। वहां बालश्रम का कोई मामला सामने नहीं आया किन्तु प्रबंधन को सुरक्षा से जुड़े उपायों को अधिक प्रभावी रूप से लागू करने की सलाह दी गई। संस्थानों में कोई सूचना पटल नहीं होने से प्रबंधन को फटकार लगाते हुए उन्हें अविलम्ब हमारे इस संस्थान में 14 वर्ष से कम उम्र के कोई भी बाल श्रमिक कार्यरत नहीं है लिखा हुआ सूचना पटल लगाने को कहा गया है। इसी क्रम में टास्क फोर्स निजी प्रिंटिंग एवं प्लास्टिक उद्योग एवं ढाबे में दबिश दी गई जहां बाल श्रमिक नहीं मिले किन्तु तीन 18 वर्ष से कम के किशोर मिले। प्राधिकरण सचिव श्री राहुल कुमार द्वारा उक्त किशोरों को उनकी पढ़ाई के संबंध में पूछताछ कर आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। इस संबंध में उनके प्रबंधकों को समझाईश दी गई। वहां कार्यरत श्रमिकों को उनके अधिकारों के बारे में बताते हुए, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, औद्योगिक अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के बारे में श्रमिकों एवं प्रबंधन से जुडे लोगों को बताया गया कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सहायता योजना अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार के द्वारा दिनांक 01 जून, 2024 से 30 जून, 2024 तक बाल एवं किशोर श्रमिकों के अखिल भारतीय बचाव एवं पुनर्वास अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत उपरोक्त कार्यवाही की गई।

# जिले के शिक्षकों नई शिक्षा नीति के तहत दिया जा रहा है प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



एससीईआरटी के निर्देश पर प्राथमिक शाला के शिक्षकों को विभिन्न चरणों में ब्लेंडेड मोड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण व उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति 2020 निपुण भारत निशन 2021 और एनसीएफ की रूपरेखा 2022 के तहत बुनियादी भाषा और गणितीय संख्यात्मकता का ज्ञान प्रदान करना है। कवर्धा विकासखंड को कवर्धा, पिपरिया, इंदौरी तीन जोन में बाटकर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कवर्धा जोन के 13 संकूल के 59 शिक्षकों द्वारा प्रथम चरण में प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है। डाईट महराजपुर कबीरधाम से एफएलएन प्रभारी रामकुमार पांडे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय चन्द्रवंशी द्वारा प्रथम दिवस प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर मॉनिटरिंग एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। एफएलएम प्रभारी राम कुमार पाण्डेय ने शिक्षकों को 21 वीं सदी के कौशल को सीखने के लिए स्वयं की अपडेट करने के साथ-साथ बच्चों के साथ तकनीक पर भी कार्य करने को लिए आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

## सार समाचार

### डॉ. रमन आज शहर में



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह कल 15 जून को एक दिवसीय प्रवास पर शहर आ रहे हैं। वे इस दौरान आम लोगों से मुलाकात कर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार डॉ. सिंह अपने रायपुर स्थित निवास मौलश्री विहार से दोपहर 01 बजे प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे शहर आकर जीई रोड स्थित अपने निवास स्थान पहुचेंगे, जहां वे रात्रि 07 बजे तक लोगों से भेंट मुलाकात करेंगे। उसके बाद वे होटल राज इंपीरियल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर देर रात रायपुर प्रस्थान करेंगे।

### संजीवनी नर्सिंग होम के मामले की जांच में लापरवाही की पुष्टि नहीं पाई गई

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य विभाग एवं कलेक्टर राजनांदगांव को डोंगरगांव अछोली निवासी रितेश संगोड़े द्वारा श्रीमती विद्या संगोड़े के इलाज में लापरवाही बरतने के संबंध में की गई थी। शिकायत के आधार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गठित टीम की रिपोर्ट में किसी तरह की लापरवाही की पुष्टि नहीं पाई गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जांच टीम ने पीड़िता के साथ ही संजीवनी नर्सिंग होम के प्रबंधन और पीड़िता का इलाज कर रहे डॉक्टर्स और स्टाफ द्वारा दिए गए बयानों और दस्तावेजों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि शिकायतकर्ता की पत्नी का सिजेरियन आपरेशन 16 अक्टूबर 2023 को संजीवनी नर्सिंग होम चिखली में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया था। आपरेशन के अगले दिन 17 अक्टूबर 2023 को मरीज को बुखार की शिकायत होने पर प्राथमिक उपचार दिया गया। जिससे मरीज को राहत मिली, परन्तु अगले दिन 18 अक्टूबर 2023 को मरीज के शरीर में काले धब्बे देखे गए। भेषज विशेषज्ञ (एमडी मेडिसिन) ने परिक्षण उपरांत मरीज को संक्रमण व डीआईसी के लक्षण की संभावना बताई। जिसके लिए उच्च सुविधायुक्त अस्पताल में विशेषज्ञ उपचार के लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज को एम्बुलेंस द्वारा उच्च सुविधायुक्त अस्पताल रायपुर के लिए भेजा। मरीज को उसके पति रितेश संगोड़े द्वारा रायपुर के विभिन्न अस्पताल (एम्स, मेकाहारा, ममता हॉस्पिटल, एनएचएमएमआई नारायणा, श्री नारायणा एम्स रायपुर) में भर्ती कराकर उपचार कराया गया। इन सभी जगहों पर भी संजीवनी में बताई गई बीमारी की ही डायगनोसिस बनाई गई और उसी का उपचार ही किया गया। DIC / POST PARTUM SEPSIS हजारों-लाखों गर्भवती महिलाओं में किसी एक को होने की संभावना होती है और वो एक महिला कौन होगी, इसका पता लग पाना असंभव है । रितेश सांगोडे द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप जांच टीम की पड़ताल में नहीं पाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गठित टीम की रिपोर्ट में संजीवनी नर्सिंग होम द्वारा इलाज में किसी तरह की लापरवाही की पुष्टि नहीं पाई गई है।

### देवदास, मोनिका, फिनेश्वर अध्यक्ष बने

**राजनांदगांव।** समाज सेवक संघ के दुर्ग संभाग अध्यक्ष अंकित गर्ग ने संयोजक संजीव सिंघल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. स्वाति देवांगन की अनुशंसा पर ग्राम दल्ली सहसपुर में देवदास साहू को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसी प्रकार ग्राम पेंड्रीकला में मोनिका साहू एवं ग्राम बढ़ईटोला में फिनेश्वर वर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्तियों पर लोकेन्द्र वर्मा, यमला साहू, भीमा साहू, निशि ध्रुव, सरस्वती वर्मा, अमित पटेल, तामेश्वर पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, रोहिणी पटेल, टीना साहू, पायल यादव, महेन्द्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज भट्टाचार्य, बबीता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, खुलेन्द्र साहू, हर्ष साहू, चंचल साहू, भूषणलाल देवांगन, अजय श्रीवास, ओमकार कंवर, हेमलता ठाकुर, शिवानंद महोबिया आदि ने बधाई दी।

### कलेक्टर और एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

# कानून व्यवस्था बनाए रखने सतर्कता से करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला में सतनामी समाज के धार्मिक स्थल के क्षतिग्रस्त होने की घटना तथा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला में सर्व आदिवासी समाज के जेल भरो आंदोलन के मद्देनजर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी व अन्य अधिकारियों की बैठक ली।



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजगता एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। किसी भी धर्म, समाज, जाति को लेकर कोई घटना या विवाद की स्थिति बने तो इस पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की असामाजिक एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए तत्काल कड़ी कार्रवाई करें।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि सभी अधिकारी सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों, नक्सल क्षेत्रों में नक्सलियों के सहयोगी से संबंधित सभी फाईल अपडेट करते रहें तथा उनके प्रतिनिधियों की पद सूची तथा मोबाईल नंबर सहित सूची बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी जनचौपाल एवं चलित थाना में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर आम जनता के साथ पुलिस का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित पक्ष की समस्या को ध्यान से सुनने की जरूरत है।

#### समस्याओं पर चर्चा

इस दौरान विभिन्न समस्याओं एवं चुनौतियों तथा थाना में शेड एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएम मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नक्सल आपरेशन प्रभारी मुकेश ठाकुर, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्रीकांत कोर्राम, एसडीएम डोंगरगांव मोहन मरकाम, सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि विवाद, दो गुटों में झड़प, अतिक्रमण में विवाद जैसी स्थिति होने पर सजग रहकर कार्रवाई करें। ऐसे स्थानों पर ध्यान दें, जहां पेट्रोलिंग बढ़ाने की जरूरत है। यह सभी अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी है।

# गुम हुए 36 मोबाइल फोन को खोजकर प्रार्थियों को किया सुपुर्द

### कोतवाली पुलिस की कार्रवाई से प्रार्थी हुए खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अलग-अलग क्षेत्रों में गुम हुए मोबाईल फोन की शिकायत पर पुलिस ने प्रभावी रूप से कार्रवाई करते हुए 36 गुम मोबाईल को खोजा और संबंधित प्रार्थी को लौटाया। पुलिस के इस प्रयास का लोगों ने सराहना करते धन्यवाद ज्ञापित किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली राजनांदगांव पुलिस द्वारा गुम मोबाईल की पतासाजी हेतु अभियान चलाया जा रहा है।




#### जारी रहेगा अभियान

इस अभियान के तहत 36 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाईल कीमती 600000 रुपए को तलाश कर 14 जून को कोतवाली थाना में प्रार्थीगणों को सुपुर्द किया गया है। प्रार्थियों को उनके गुम मोबाईल मिल जाने से कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई से खुश होकर सभी थाना स्टाफ को धन्यवाद दिया गया। आगे भी गुम मोबाईल की पतासाजी जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी कोतवाली, महिला आरक्षक रानू दुबे, आरक्षक भवानी थनापति एवं आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# मेधावी बच्चों का सम्मान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

■ महेश्वरी समाज का आयोजन

**राजनांदगांव।** महेश्वरी समाज द्वारा अपनी उत्पत्ति का पर्व महेश नवमी कल 15 जून को महेश्वरी भवन में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान शासकीय स्कूल के टॉपर बच्चों का सम्मान भी किया जाएगा। महेश्वरी पंचायत के अध्यक्ष पवन डागा ने बताया कि सुबह 8 बजे महेश्वरी भवन स्थित महादेव मंदिर में महा रुद्राभिषेक, सुबह 10 बजे वृद्ध आश्रम में वृद्धजनो के लिए भोजन मिठाई, फल वितरण किया जाएगा। पूर्वान्ह 11 से 2 बजे तक महेश्वरी भवन में ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी दौरान सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी तट पर वृक्षारोपण (बेलपत्र वृक्ष) किया जाएगा। उपरांत 4 बजे स्व. दामोदर दास सोनी की स्मृति में श्रीमती आशादेवी सोनी द्वारा सरकारी स्कूल के बच्चों का सम्मान किया जाएगा तथा श्री महेश्वरी पंचायत द्वारा प्रदेश से आए हुए अतिथियों का सम्मान किया जाएगा।

पवन डागा ने बताया कि शाम 4.30 बजे भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा घोड़ा, बाजा, झांकी के साथ निकलेगी। इस शोभायात्रा का नगर की सेवाभावी संस्थाएं एवं सामाजिक लोगों द्वारा स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाम 7 बजे से महेश्वरी भवन में भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया है। पंचायत अध्यक्ष पवन डागा ने कहा कि माहेश्वरी बंधु सपरिवार शामिल होकर पर्व धूमधाम से मनाए।




रोहित कुमार वर्मा (मुख्य बीमा सलाहकार) को जीवन बीमा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सेंट्रल जोन के जोनल मैनेजर श्री बाघराय मांझी और मार्केटिंग रिजनल मैनेजर जी. के. जेना सर द्वारा रायपुर में सम्मानित किया गया।









मृतकों के परिजनों तथा घायलों सहित 35 अनुदानग्रहिताओं को 1 करोड़ 3 लाख रुपए का चेक प्रदान किया

# विधायक ने सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों, घायलों को चेक वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विगत 20 मई को जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम बाहपानी में हुई दुःखद सड़क दुर्घटना में मृतकों के दशगात्र में शामिल हुए थे और मृतकों के परिजन को प्रति व्यक्ति 5 लाख रुपए एवं घायलों को प्रति व्यक्ति 50 हजार रुपए आर्थिक सहायता प्रदाय करने कि घोषणा की थी। इसके लिए सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों तथा घायलों सहित 35 अनुदानग्रहिताओं को अपने स्वेच्छानुदान मद से 1 करोड़ 3 लाख रुपए कि राशि स्वीकृत की थी।

पंडरिया विधायक श्रीमती श्रीमती भावना बोहरा ने शुक्रवार को ग्राम सेमरहा में मृतकों के परिजनों तथा घायलों के घर पहुंचकर 19 मृतकों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से 95 लाख रूपए तथा इस घटना में 16 घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से कुल 8 लाख रूपए का चेक वितरण किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री ने कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम बाहपानी में 20 मई को हुई दुःखद सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों तथा घायलों सहित 35 अनुदानग्रहिताओं को अपने स्वेच्छानुदान मद से कुल 01 करोड़ 3 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की थी। मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए तथा घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से सहायता राशि स्वीकृत की गई है।





### भावना बोहरा नें इन परिजनों को प्रदान की चेंक

मुख्यमंत्री ने कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सड़क दुर्घटना में मृतक श्रीमती प्यारी बाई, कुमारी सोनम बाई धुर्वे, श्रीमती धनैया बाई धुर्वे, सिरदारी राम धुर्वे, कुमारी किरण, श्रीमती शांति बाई, श्रीमती तिको बाई, श्रीमती मीला बाई, श्रीमती जनिया बाई, श्रीमती मुंगिया बाई, श्रीमती झंगलो बाई धुर्वे, श्रीमती सियाबाई, श्रीमती पैंटोरिन बाई मेरावी, श्रीमती बिस्मत बाई मेरावी, श्रीमती लीला बाई, श्रीमती परसदिया देवी, श्रीमती भारती बाई, श्रीमती कुंति बाई, श्रीमती धानबाई धुर्वे के परिजन को 5-5 लाख रूपए की राशि तथा 16 घायलों श्रीमती ममता, श्रीमती मुन्नी बाई, गुलाब सिंह, दयाराम, शिवनाथ, महावीर, कार्तिक, श्रीमती धन्नू, श्रीमती इन्द्राणी, जोधीराम, अनिल, फूलचंद, मानसिंह, श्रीराम, रम्हउ, बजरू को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि मंजूर की है।

# सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शुक्रवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में कृषि विभाग एवं जिला पंचायत विकास निधि सहित विभिन्न विषयो पर चर्चाकर योजनाओं कि समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया कि खरीफ सीजन 2024 के लिए बीच उपलब्धता भंडारण एवं वितरण का कार्य निरंतर जारी है। बताया गया कि 15 प्रकार के फसलों जिसमें धान, मक्का, कोदो-कुटकी, रागी, अरहर, उड़द, मूंग, इत्यादि शामिल है। उसमें कुल उपलब्धता 17707.22 क्विंटल है तथा इसमें से 14846.70 क्विंटल भंडारण किया गया। उर्वरक भंडारण एवं वितरण की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिले में यूरिया, डीएपी, एमओपी, एसएसपी, एनपीके का कुल लक्ष्य 66350 मेट्रिक टन है। जिसमें से डबल लॉक में 30666 मैट्रिक टन की उपलब्धता है और इनमें से 47053.31 मेट्रिक टन का भंडारण किया गया तथा 31180.51 मेट्रिक टन का वितरण जरूरतमंद किसानों को किया जा चुका है।



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में खरीफ सीजन 2023 मे 3749 किसानों को लाभान्वित करते हुए 2 करोड़ 70 लाख रुपए की क्लेम की राशि वितरित की गई है। इसी तरह रबी सीजन 2023-24 में 17566 किसानों को लाभान्वित करते हुए 30 करोड़ 43 लाख रुपए क्लेम की राशि से कृषकों को लाभान्वित किया गया। विभाग द्वारा सदन को जानकारी देते हुए बताया गया कि ऐसे किसान जिन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अपना पंजीयन नहीं कराया है उन किसानों को फसल में नुकसान होने पर आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरण बनाकर लाभान्वित किया जाता है। जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी द्वारा खाद एवं बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गई, जिस पर विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में बीज निगम के माध्यम से इसकी आपूर्ति की जाती है तथा निरंतर या कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना अंतर्गत जानकारी देते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में कबीरधाम जिला किसानों को इस योजना में जोड़ने के लिए प्रथम स्थान पर है। जिसमें किसानों का ई-केवाईसी आधार सीडिंग एवं लैंड इंटीग्रेशन की इंट्री प्रदेश में सर्वाधिक की गई है। क्रमशः 99.80 प्रतिशत किसानों का ई-केवाईसी 98.98 प्रतिशत किसानों का आधार पसिडिंग एवं 100 प्रतिशत किसानों का लैंड इंटीग्रेशन ऑनलाइन करने की जानकारी दिया गया। जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट एवं तुकाराम चंद्रवंशी ने इस कार्य में बचे किसानों की ऑनलाइन एंट्री की जानकारी पर सुझाव दिया गया कि कैंप लगाकर सभी पात्र किसानों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग एवं लैंड इंटीग्रेशन की एंट्री पूर्ण की जाए, जिससे कि किसानों को केंद्र सरकार की इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। जिला पंचायत विकास योजना 2024-25 के लिए निर्माण कार्य का प्रस्ताव देने एवं कार्य स्वीकृति पर सदन को जानकारी देते हुए उप संचालक पंचायत ने बताया कि कुल 9 थीम के अंतर्गत इस योजना में कार्य किया जाना है। जिसमें गरीबी मुक्त पंचायत, स्वस्थ गांव बाल हितैषी पंचायत, पर्याप्त जल युक्त गांव स्वच्छ, हरित गांव आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव सामाजिक रूप से न्याय संगत, सुरक्षित गांव सुशासन वाला गांव, महिला हितैषी गांव के तहत कार्य होने की जानकारी दी गई।

इस संबंध में चर्चा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वह अपने क्षेत्र से जुड़े निर्माण कार्यों का प्रस्ताव जिला पंचायत में उपलब्ध करा दें जिससे कि निर्माण कार्य की स्वीकृती किया जा सके। श्रीमती समुंद बाई कुर्रे द्वारा ग्राम देवगड़ायि में दो विद्युत पोल की आवश्यकता होने की बात सदन में रखी गई। इसी तरह जिला पंचायत सदस्य ने ग्राम कोयलार झोरी के उप स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं का आकलन करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए जिससे कि टीकाकरण एवं रोगियों की जांच समय पर होता रहे। ग्राम ठाठापुर, गोछिया, बुधवारा जैसे कुछ गांव में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में किसानों की परेशानियों को रखा गया। जिला पंचायत सदस्यों द्वारा सदन में उठाए गए विषयों पर तत्काल निराकरण करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायतश्री संदीप कुमार अग्रवाल द्वारा विभाग प्रमुखों को दिए। जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा की बैठक में उप संचालक पंचायत सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

# ग्रामीण किसान हल-बैल से खेतों की खुर्रा जोताई शुरू



■ धान फसल की रोपाई के लिए खेतों की साफ-सफाई जोरों पर।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ग्रामीण किसानों द्वारा सुबह से देर शाम तक हल व बैल लेकर खेतों की खुर्रा जोताई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। जिसमें खरीफ फसल धान, अरहर, सोयाबीन, मूंगफली की फसल की तैयारी कर सकें, ग्रामीण किसानों द्वारा फसलों की बोआई व रोपाई के समय खेत-खलिहान साफ-सफाई रहे ताकि धान की बुवाई के समय कोई परेशानी व दिक्कत ना हो। इसलिए ग्रामीण किसानों द्वारा इन दिनों खेतों की जोताई कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर धान की धरहा खेतों में दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि किसान को फसल धान की बीज चार गुना बढ़ जाने से किसानों की पसीना छूट रहे हैं, ग्रामीण किसान द्वारा धान फसल की अच्छी पैदावार व उन्नत कृषि कार्य के लिए कृषि केंद्र में हाइब्रिड बीज धान फसल की खरीदते समय पसीना निकल रहे हैं, ऐसे में किसान साहूकार कर्ज लेकर बीज खरीदने मजबूर है।

# श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय समर कैम्प का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर में संचालित श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में कक्षाओं के पुनः आरंभ होने के पूर्व विद्यार्थियों में सृजनात्मक, कलात्मक एवं मनोरंजन से ओत-प्रोत तीन दिवसीय समर कैम्प का भव्य शुभांरभ 13 से 15 जून तक आयोजित किया गया। इस आयोजन में छात्र छात्राओं को सीखने के लिए प्रेरित करने हेतु कक्षा नर्सरी से 8वीं तक के लिए जुम्बा डांस, कुकिंग, हेयर स्टाइल, मेंहदी, नेल आर्ट, लूडो, स्नैक लेडर, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोकन इंग्लिश, साइंस एक्टिविटी, करोके म्यूजिक, ग्लास ब्रीफिंग, कैरम, चैस, हैंड आई को आर्डिनेशन, फिल द ग्लास, हॉप स्कॉच, मैच द नंबर, नो योर पार्टस ऑफ बॉडी, ब्रेन फोकस, फन गेम जैसे बहुत सारे गेम्स आयोजित किए गए। साथ ही साथ विद्यार्थियो को गर्मी और उमस से निजात दिलाने हेतु पुल पार्टी एवं रैन डांस भी आयोजित किए गए, जिसमें उक्त विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों से भी सैकड़ों की संख्य में विद्यार्थी शामिल हुए।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी जोंरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। योग शरीर मन व बुद्धि को जोड़ता है, आज योग मानवता को भी जोड़ रहा है। इस शताब्दी में हम अनुभव कर रहे हैं कि योग ने पूरे विश्व को जोड़ दिया। इस समय में बिखराव की अनेक ताकते अपना विकृत चेहरा दिख रही है और पूरे विश्व को बांट रही है, ऐसे समय में योग समूचे विश्व को जोड़ रहा है। बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी-रामचुवा योग प्रशिक्षक हरिराम साहू द्वारा निःशुल्क लोगो को 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सामान्य योगाभ्यास-प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा हैं। विश्व योग दिवस पर सामूहिक रूप से योग सत्र के लिए तैयारी अभी से शुरू हो चुके हैं, प्रतिदिन बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी में प्रातः 5:30 से 7:30 बजे तक योगाभ्यास कराया जा रहा है। विश्व योग दिवस के प्रोटोकॉल में सम्मिलित प्रार्थना, सदिचालन, चालन क्रिया, शिथिलीकरण अभ्यास, योगासनों में खड़े होकर किए जाने वाले आसान, बैठकर, उदर के बल लेटक, पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसान, कपालभाती, प्राणायाम ध्यान, संकल्प शांति पाठ इन 8 चरणों का अभ्यास सरल व सहज रूप से कराए जा रहे हैं। इस वर्ष 21 जून को योग दिवस महिला सशक्तिकरण के लिए योग उन्होंने सुखी जीवन के लिए अपने दिनचर्या में योगाभ्यास को शामिल करने कि अपील की गई।

## भीषण गर्मी व उमस से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर सहित अंचल में इन दिनों भीषण गर्मी व उमस से आम नागरिक हलाकान व परेशान नजर आ रहें है। वहीं बिजली की आंख मिचौली से लोगों को गर्मी व उमस सें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# जेल भरो आंदोलन के समर्थन मे आए जिला आदिवासी समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला आदिवासी समाज नें मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री से प्रदेश के वानंचल क्षेत्र मे समाज के ऊपर हो रहे शोषण अत्याचार, प्रताड़ना रोकने अमन चैन शांति बहाल हेतु ज्ञापन सौपा। जिसमें शुक्रवार को जिला मुख्यालय कबीरधाम स्थित आदिवासी मंगल भवन कवर्धा मे सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारी जिला अध्यक्ष सुखनन्दन ध्रुर्वे के नेतृत्व मे जिलाधीश के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार दुलेश्वर पटेल के माध्यम से मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर प्रदेश के वानंचल क्षेत्रों मे आदिवासी समाज के ऊपर हो रहे शोषण, अत्याचार एवं प्रताड़ना के मामले को लेकर शुक्रवार को मानपुर-मोहला-चौकी जिले मे आयोजित जेल भरो आंदोलन का समर्थन किया। न्याय नहीं मिलने के स्थिति मे समाज आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ा है, जिला अध्यक्ष सुखनन्दन ध्रुर्वे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के नए जिला मानपुर-मोहला मे लगातार पुलिस द्वारा प्रताड़ना उत्पीड़न तथा ग्रामीणों, पटेल, पंच, सरपंच को शक के निगाह से देखना, नक्सलवादी से ज्यादा पुलिस द्वारा जबरदस्ती घरों मे घुसकर रात मे जांच करना एवं किसी भी नागरिक या ग्रामीण को थाने बुलाना रास्ते मे रोकना एवं थाने में बच्चियों के साथ लगातार दुर्व्यहार करना, पूर्व में बस्तर सुनियोजित तरीके से 600 गांव उजाड़े गए थे। हजारों निर्दोष आदिवासी जेलों में है, अभी भी निहत्थे ग्रामीण पर सशस्त्र जवानों द्वारा फर्जी मुठभेड़ अंजाम दिया जा रहा है जिसके कारण आदिवासी गांव छोड़ने को मजबूर हो रहे। प्रदेश के जन-मानस मे खासकर वनांचल मे रह रहे मूल निवासी सर्व समाज के जीवन शैली पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिस पर जिला आदिवासी समाज ने महोदय से अपील करते हुए ज्वलंत मुद्दों का संज्ञान लेकर प्रदेश मे अमन शांति स्थापित करने प्राकृतिक न्याय के तहत उचित उपाय करने अपील की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



## कवर्धा में आयोजित की गई प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक

# बच्चों को गुणवत्तायुक्त प्राथमिक शिक्षा हम सब की जिम्मेदारीः विरेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व बीते गुरूवार को जिला मुख्यालय कवर्धा के शासकीय कन्या स्कूल में विकासखण्ड कवर्धा के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रचार्यो की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू उपस्थित थे। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू, सहायक संचालक महेन्द्र गुप्ता, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल, बीआरसी जलेश चन्द्रवंशी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल केशरवानी, अनिल चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में विकासखण्ड कवर्धा के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्राचार्यो ने अपनी उपस्थति दर्ज कराई।

इस अवसर उपस्थित प्राचार्यो व अधिकारियों को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा का जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। यह व्यक्ति के शैक्षणिक और सामाजिक जीवन की नींव रखती है। अगर बच्चों की नींव मजबूत होगी तो निश्चित ही उनका भविष्य अच्छा होगा और इस बात को ध्यान में रखते हुए हम सभी को अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना होगा। उन्होने कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए ही हमारी सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों को एफएलएन प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि शिक्षक बच्चों को और भी बेहरतर ढंग से उनके बेहतर भविष्य के लिए तैयार कर सकें।

श्री साहू ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चे को बुनियादी ज्ञान और कौशल प्रदान करती है, जैसे पढन्ना, लिखना, और गणित जैसे जटिल विषयों को समझना। ये आधारभूत कौशल आगे की शिक्षा के लिए आवश्यक हैं। प्राथमिक शिक्षा बच्चे के मानसिक विकास को प्रोत्साहित करती है, इस स्तर पर बच्चे की जिज्ञासा और सृजनात्मकता को बढ़ावा मिलता है। प्राथमिक शिक्षा बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण करती है। यह आत्म-विश्वास, अनुशासन, और सामाजिक व्यवहार सिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बच्चे स्कूल में सामाजिक कौशल सीखते हैं, जैसे दूसरों के साथ मिलजुल कर काम करना, सहयोग करना, और सहिष्णुता यह उन्हें समाज का एक सक्रिय सदस्य बनाता है। प्राथमिक शिक्षा के दौरान बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, और पोषण के बारे में सिखाया जाता है, जिससे वे स्वस्थ जीवनशैली अपना सकते हैं। प्राथमिक शिक्षा जीवन कौशल सिखाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जैसे समस्या समाधान, निर्णय लेने की क्षमता, और तनाव प्रबंधन। श्री साहू ने कहा कि इस प्रकार प्राथमिक शिक्षा का जीवन में बहुआयामी महत्त्व है। यह न केवल बच्चों को शैक्षिक सफलता दिलाती है, बल्कि उन्हें एक अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बनने में भी मदद करती है। इसलिए, यह आवश्यक है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा मिले और यह हम सब की बच्चों तथा समाज व देश के प्रति जिम्मेदारी है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071


ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345